अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध/ई-मेल द्वारा

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु 06/नव० 2025-26/**7055 **लखनऊः दिनांकः** 28/01/2026

**विषयः वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु शैक्षिक सत्र 2025-26 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के नामांकन किये जाने हेतु पुनः अवसर दिये जाने विषयक।**

**महोदय,**

कृपया परिषद कार्यालय **के पत्रांक प्राशिप/अनु 06/2025-26/5926 दिनांक 11/12/2025 एवं प्राशिप/अनु 06/नव० 2025-26/6624 दिनांक 09/01/2026** का संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें। जिनके माध्यम से सत्र **2025-26** में वार्षिक पद्धित के पाठ्यक्रम हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा परिषद की वेबसाइट के माध्यम से नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु लिंक खोला गया था।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि सत्र **2025-26** में वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण (डाटा) के आधार पर एवं कतिपय संस्थाओं द्वारा अभी भी नव-प्रवेशित छात्र/छात्राओं का नामांकन नही किया गया है, के अनुक्रम में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र **2025-26** हेतु परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर उपलब्ध संस्था लॉगइन पर नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया हेतु **दिनांक 29/01/2026 से 01/02/2026 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक लिंक पुनः खोला जा रहा है।**

छात्रहित के दृष्टिगत नामांकन हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि प्राथमिकता के आधार पर सत्र **2025-26** में वार्षिक पद्धति के पाठ्यक्रम हेतु छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ० स० प्राशिप/अनु०-06/नव० 2025-26/**7056-60 **तद् दिनांकः** 28/01/2026

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव महोदय, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र०, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र मेरठ, उत्तर प्रदेश।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ०प्र०, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त की सूचना वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।